हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 सितंबर 2025

04 स्वच्छता सेवा पखवाड़ा शुरूः एसडीएम ने दिलाई ...



07 पुर्नवास कॉलोनी घटिया निर्माण का मामला हवा...





## जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम

# रक्तदान शिविर और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के साथ सेवा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

### कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक हुए शामिल, मातृ एवं शिशु संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है अभियान का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विधायक सुदेश राय, भजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर तथा कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला चिकित्सालय में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर धार जिले के भैंसोला में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिला चिकित्सालय के साथ ही जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किए गये।

इस अवसर पर विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की सोच है कि एक सशक्त भारत के लिये नारी का सशक्त होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान करना और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।

अभियान के तहत महिलाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी समस्याओं एवं गैर संचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन एवं गर्भाशाय कैंसर, एनीमिया सिकलसेल रोग, टीबी, कुष्ठरोग आदि बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच, किशोरियों की एनीमिया स्क्रीनिंग एवं उपचार, उमंग क्लिनिक पर रेफर करना, बच्चों का टीकाकरण सहित अनेक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किए। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथियों ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाये गये पोषण स्टॉल का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएमएचओ सुधीर डेहरिया, महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, सुदीप प्रजापति, पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरू के. सहित अनेक जनप्रतिनिधियों तथा नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नगर के हनुमान फाटक के पास झाड़ू लगाकर स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया और नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### कलेक्टर ने किया सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया

कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम लसूड़िया परिहार में आयोजित कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित बच्चों और ग्रामवासियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता को अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। हमे अपने घर, मोहल्ले और गांव को स्वच्छ रखना चाहिये। स्वच्छता के परिवेश से हमारे जीवन में सकरात्मक प्रभाव पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण 19 सितंबर को

**सीहोर।** पॉक्सो अधिनियम 2012 के अंतर्गत नियुक्त सपोर्ट पर्सन के एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला 19 सितम्बर को प्रातः 10:30 बजे जिला न्यायालय परिसर के एडी.आर भवन के सभागृह में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से आयोजित की जायेगी।

### पिछड़ा वर्ग आयोग का कार्यकाल 6 माह बढ़ाया

**सीहोर।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के कार्यकाल में छह माह की वृद्धि कर दी है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार आयोग का कार्यकाल सितंबर 2025 से बढ़ाकर अब फरवरी 2026 तक कर दिया गया है।

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrcnet.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

### जिले में अब तक 9.62 एमएम औसत बारिश



**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 9.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 1.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 7.0, आष्टा में 52.0, जावर में 0.0, इछावर में 13.0, भैरूंदा में 0.0, बुधनी में 1.0, रेहटी में 1.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 17 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 962.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1023.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 17 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 873.6, मिलीमीटर, श्यामपुर में 886.0, आष्टा में 775.0, जावर में 690.6, इछावर में 880.3, भैरूंदा में 1018.0, बुधनी में 1368.0 तथा रेहटी में 1204.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्म दिवस



**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वा जन्म दिवस स्वच्छता अभियान आत्मनिर्भरता सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के रूप में मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में नदी चौराहा स्थित महिला घाट और हनुमान फाटक मंदिर कस्बा परिसर में पहुंचकर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए।


भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में विभिन्न जनहितेशी कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई कर्मचारी का सम्मान भी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया।

कार्यकर्ताओं के मध्य विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री आज धार जिले के भैंसोला से प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे और देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शुभारंभ करेंगे। संघ प्रचारक से लेकर प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन कितना लंबा है कि उनके व्यक्तित्व से कोई अपरिचित नहीं है। उनकी छवि सख्त एवं अनुशासित प्रशासक और संवेदनशील राज्य नेता की है। आज उनके नेतृत्व में भारत देश पूरी दुनिया में शिखर पर पहुंच चुका है। वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र पर काम कर रहे हैं जिसका लक्ष्य आर्थिक विकास सामाजिक कल्याण और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण सुधार देखे हैं जिसमें कश्मीर से 370 को हटाना और अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण होना। तीन तलाक पर रोक के लिए कानून बनाना, बफ़ बोर्ड को नियंत्रित करने के लिए नया कानून लाना और अभी हाल ही में अनेक उत्पादों से जीएसटी समाप्त करना बड़ी बात है।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि देश के दुश्मन पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों का सफाया करना ऑपरेशन सिंदूर चलाना और आत्मनिर्भर सशक्त भारत बनाने के लिए तत्पर रहना यही प्रधानमंत्री का विजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस आज हम स्वच्छता आत्मनिर्भरता सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास लक्ष्य के रूप में मना रहे हैं।

## पत्नी को मौत के घाट उतारने वाले पति को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पारिवारिक विवाद में अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या करने वाले एक शख्स को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर ने आजीवन कारावास और 1000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला मंडी थाना क्षेत्र में दर्ज हुआ था।

मामला 2 अक्टूबर 2023 का है, जब भगवतीबाई ने अपनी बहन कृष्णा उर्फ गुड्डी की हत्या की सूचना पुलिस को दी। भगवतीबाई ने बताया कि गुड्डी का उसके पति कल्लू उर्फ पंडा घटिया से अक्सर झगड़ा होता था। उस दिन भी झगड़े के बाद पंडा ने गुड्डी की हत्या कर दी। जब भगवतीबाई मौके पर पहुंची, तो उन्होंने अपनी बहन को एक टपरे में मृत पाया, जिसके शरीर पर चोट के गंभीर निशान थे और मुंह से खून बह रहा था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कल्लू फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान पुलिस ने गवाहों के बयानों और पुख्ता सबूतों के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 हत्या के तहत मामला दर्ज किया। न्यायालय में विशेष लोक अभियोजक रेखा यादव ने शासन की ओर से पैरवी की। पेश किए गए सबूतों और मजबूत तर्कों से सहमत होकर न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी करार दिया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जो यह साबित करता है कि कानून की नजर में कोई भी घरेलू हिंसा का अपराधी बच नहीं सकता।

## किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेस की आमजन व किसान न्याय पदयात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आमजन व किसानों की बड़ती समस्याओं को लेकर विगत कई समय से कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार को ज्ञापन के माध्यम से चैताया जा रहा है। परन्तु नतिजा जस के तस है और सरकार किसानों व आमजन की समस्याऐं बड़ती ही जा रही है, जिसके कारण आमजन व किसानों में काफी निराशा व आक्रोष देखा जा रहा है। आमजन व किसानों की बड़ती समस्याओं के निरकरण के लिये अब कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता मैदान में उतर आये हैं, इसी तारतम्य में आज गुरुवार, 18 सितम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में सीहोर जिले के चाँदबड़ से आमजन किसान न्याय पदयात्रा निकाली जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों का समर्थन मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है, इस पदयात्रा सीहोर जिले की श्यामपुर तहसील के श्यामपुर बस स्टेण्ड आमसभा पश्चात समापन होगा और श्यामपुर तहसीदार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जावेगा। उक्त पदयात्रा में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल चौधरी, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान निवारिया जोड़ पर शामिल होकर श्यामपुर बसस्टैंड पर आमसभा को सम्बोधित करेंगे, साथ ही जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण, सह प्रभारी दिनेश मेघानी, पवन पटेल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर विशेष रूप उपस्थित रहेगें।

उक्त पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि केंद्र और मध्य प्रदेश की गूँगी बहरी भाजपा सरकार की जनविरोधी नितियों के कारण आम नागरिक, किसान, मजदूर, बिजली उपभोक्ता, महिलाएँ और युवा परेशान है। किसानों, बिजली उपभोक्ता गण की मांग है कि स्मार्ट मीटर के कारण हो रही अनिमित्ता, बड़े हुए बिजली के दाम, किसानों को आए दिन थमाये जा रहे झूठे बिजली प्रकरण के नोटिसों के विरोध में एवं 28 करोड़ की लागत से बनी श्यामपुर रोड पुरी तरह टुट गई, गड्डों के कारण रोज वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। वहीं श्यामपुर में बने ओवर ब्रिज की दोनों ओर की सडक़ों में गड्डे हो गये है, ओवर ब्रिज की सडक़ों को दुरूस्त किये जाने एवं ठेकेदार और विभाग पर कार्यवाही की मांग को लेकर और पुनः श्यामपुर रोड बनाएं जाने की माँग को लेकर साथ ही पिछले दिनो किसानों को फसल बीमा राशि का वितरण किया गया कहीं बीमा प्रीमियम से भी कम राशि किसानों को मिली तो कही बिल्कुल भी राशि किसानों को नहीं मिली। सम्मानजनक पर्याप्त बीमा राशि एवं खराब हुई सोयाबीन की फसल के सर्वे की मांग को लेकर, दिनांक 01/09/2025 काला दिवस को जिला कांग्रेस कार्यालय पर पुलिस की मोजुदगी में हुई घटना मे एक तरफ़ा कार्यवाही के विरोध में और भाजपा के नेताओ और दोषी कार्यकर्ताओ पर एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग को लेकर, ग्राम पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए जाने और दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर, किसानों को सोयाबीन के दाम 6000 रुपये क्विंटल समर्थन मूल्य की मांग को लेकर, मतदाता सुची शुद्धीकरण, निष्पक्ष चुनाव आयोग की मांग को लेकर यह आमजन किसान न्याय पदयात्रा निकाली जा रही है। जिसमें कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं एवं किसान बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### श्रद्धालु बोलेः विधर्मी प्रवृत्ति के लोग महिलाओं के साथ करते हैं अभद्रता

# विहिप और बजरंग दल ने कुबरेश्वर धाम में लगाया 'गैर हिंदू निषेध' का बैनर !

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सीहोर के कुबरेश्वर धाम मार्ग पर इन दिनों एक पोस्टर ने माहौल गर्मा दिया है। जगह-जगह लगे इस बैनर पर साफ लिखा है "कुबरेश्वर धाम प्रांगण में गैर हिंदुओं का प्रवेश सख्त मना है"। बैनर पर निवेदक के रूप में सकल हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का नाम दर्ज है। यह संदेश लगते ही पूरे शहर और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। जब इस मुद्दे पर दुकानदारों और भक्तों से बात की गई तो अधिकांश लोगों ने कैमरे के सामने कुछ भी कहने से इनकार किया। लेकिन दबी जुबान में कई लोगों ने बैनर का समर्थन किया और तर्क दिया कि जब लाखों श्रद्धालु धाम में पहुंचते हैं, तब कुछ विधर्मी प्रवृत्ति के लोग महिलाओं से छेड़छाड़ और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। ऐसे लोगों के लिए यह पोस्टर एक चेतावनी है।

**समिति ने जताई अनभिज्ञता :** विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित ने स्पष्ट किया कि इस तरह का पोस्टर समिति की ओर से नहीं लगाया गया है। किसने इसे लगाया है, इसकी जानकारी समिति को नहीं है। वहीं शहर के कथा वाचक पंडित मोहित पाठक ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि "गाय खाने वालों को हमारे मंदिरों और धामों में आने की कोई आवश्यकता नहीं है।"

### शुरू हुई शिव महापुराण कथा

इधर, 17 सितंबर से कुबरेश्वर धाम में पांच दिवसीय ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। पंडित प्रदीप मिश्रा स्वयं दोपहर 1 से 4 बजे तक कथा का पाठ करेंगे। कथा से एक दिन पूर्व ही धाम पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है और पूरे क्षेत्र में शिवभक्ति का माहौल गहराने लगा है। पुलिस ने दी सफाई : मामले पर पुलिस भी सक्रिय हो गई है। मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि वे स्वयं धाम पहुंचे थे, लेकिन वहां उन्हें ऐसा कोई पोस्टर नहीं मिला। साथ ही इस संबंध में अब तक किसी भी व्यक्ति ने पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी है।

## नर्मदा नदी में मगरमच्छः बुधनी घाट पर घंटों चला रेस्क्यू ऑपरेशन, फिर भी नहीं मिला



**सीहोर।** जिले के बुधनी घाट पर नर्मदा नदी में मगरमच्छ दिखने से देर रात इलाके में हलचल मच गई। कई सालों बाद नर्मदा में मगरमच्छ नजर आया, जिसे देखकर स्थानीय लोग हैरान रह गए।

खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग बुधनी घाट पर इकट्ठा हो गए। उनके लिए यह खास घटना थी, क्योंकि मान्यता है कि मगरमच्छ नर्मदा देवी की सवारी होता है।

**तलाश जारी, कई घंटे तलाशी के बाद भी नहीं मिला मगरमच्छ :** स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कई घंटों तक ऑपरेशन चलाया, लेकिन मगरमच्छ पकड़ में नहीं आया। रेस्क्यू टीम का कहना है कि लोगों की सुरक्षा प्राथमिकता है और मगरमच्छ को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। टीम लगातार नदी क्षेत्र में उसकी तलाश कर रही है।

## खबर संक्षेप



### जनसुवाई में तीसरी बार बुजुर्ग दिव्यांग वृद्धा ने लगाई न्याय की गुहार

**सीहोर।** जनसुवाई में तीसरी बार मंगलवार को ग्राम खजुरियाकलां नोनीखेडीकाजी तहसील श्यामपुर में रहने वाली 80 वर्ष की बुजुर्ग दिव्यांग वृद्धा ने शासन प्रशासन से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। फरियादिया नुरीबी पत्नि समद खाँ ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि चलने से लाचार हूं। पति द्वारा 1972 से भूमि पर काबिज होकर कृषी कार्य करते चले आ रहे थे पति की मौत के बाद मेरे बृद्ध होने के कारण फसल बोवनी के लिए बटियादार को कृषि भूमि दे दी थी। न्यायालय ने पुराने खसरे नम्बर के आधार मेरे नाम दर्ज करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए लेकिन राजस्व विभाग ने आदेश का पालन नहीं किया। न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के बाद भी ग्राम नोनीखेडी काजी के मांगीलाल और रईस खॉ के पक्ष में श्यामपुर तहसीलदार के द्वारा सीमांकन कर दिया गया। जबकी मेरे द्वारा कोई सीमांकन नहीं कराया गया और मुझे इस सीमांकन की सूचना भी नही दी गई। जनसुवाई में मेरे द्वारा यह तीसरा आवेदन दिया जाकर जमीन वापस दिलाने और कोर्ट के आदेश का पालन कराने के लिए गुहार लगाई है। मेरे द्वारा भूमि पर सोयाबीन बोया गया है, उस फसल को मुझे काटनें की अनुमति दी जाए या प्रशासन फसल को कटबाकर अपनें कब्जे में रखें।

### राष्ट्रीय पोषण माह अभियान 16 अक्टूबर तक चलेगा

**सीहोर।** मिशन पोषण 2.0 के तहत मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन आठवाँ पोषण माह होगा, जिसमें राज्य, जिला, परियोजना और आंगनबाड़ी स्तर तक सामुदायिक सहभागिता से थीम-आधारित गतिविधियाँ संचालित होंगी। पोषण माह की प्रमुख थीम हैं मोटापा नियंत्रण (कम नमक, कम चीनी, कम तेल), प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (पोषण भी पढ़ाई भी), शिशु एवं बाल आहार प्रथाएँ (IYCF), पुरुष सहभागिता (Men-streaming) और एक पेड़ माँ के नाम एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा। पोषण माह के दौरान आईवाईसीएफ परामर्श सत्र, व्यंजन प्रतियोगिता, फिटनेस चैलेंज, योग दिवस, किचन गार्डन अभियान तथा स्थानीय उत्पादों का प्रचार जैसी गतिविधियाँ होंगी। "पोषण भी पढ़ाई भी" थीम के तहत आंगनबाड़ियों में स्टोरी टेलिंग, पपेट शो और एक्टिविटी आधारित शिक्षण कार्यक्रम आयोजित होंगे। जन-जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, रेडियो जिंगल्स, सोशल मीडिया अभियान और सामुदायिक रेडियो का उपयोग किया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत, कृषि, खाद्य, आयुष, जल जीवन मिशन, खेल एवं युवा कल्याण सहित विभिन्न विभागों और स्थानीय अशासकीय संगठनों की सहभागिता से यह अभियान सुपोषित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### अभियान के दौरान हर दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी

# स्वच्छता सेवा पखवाड़ा शुरू: एसडीएम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ, 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने बताया है कि देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपल्क्ष पर 17सितंबर से 2अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को नगर परिषद् द्वारा नगर के बस स्टैंड पर सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत हुई। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाहा सहित,अधिकारियों जनप्रतिनिधियों और नपा के कर्मचारियों ने बस स्टैंड पहुंचकर सफाई अभियान चलाया गया।इस अवसर पर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने मिलकर झाड़ू लगाकर जगह-जगह पड़ा कचरा एकत्र किया और उसे कचरा वाहन में डाला। इस मौके पर लोगों को भी स्वच्छता बनाए रखने और अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने का संदेश दिया गया।

#### एसडीएम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का अभियान चलाया जाएगा इस अभियान में लोगों को जागरूक करे , और उन्हें इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मा के नाम एक पेड़ के तहत पौधारोपण ,रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान में एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में शपथ दिलाई। में शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा । हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा।

पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने बताया है कि देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपल्क्ष पर 17सितंबर से 2अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। बुधवार स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत को भैरूंदा नगर सहित शहरभर में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया इसी के तहत नगर परिषद् भैरुंदा द्वारा बस स्टैंड पर सफ़ाई अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया गया। वहीं सिविल अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का संबोधन को सुना। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को समाजहित और स्वच्छता से जोड़ना है। साथ ही गांधी जयंती तक चलने वाले इस कार्यक्रम में भैरुंदा नगर सहित गांव गांव में सेवा और जनभागीदारी का संदेश पहुंचेगा। यह सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। प्रशासन ने इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया है। अभियान के दौरान हर दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें स्वच्छता अभियान, मां के नाम एक पेड़ के तहत पौधारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच, जन जागरूकता और सेवा से जुड़े कार्य शामिल रहेंगे। इस अभियान में एसडीएम सुधीर कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर परिषद् सीएमओ राम प्रसाद भावरे सहित पार्षदगण भाजपा कार्यकर्ता और नपा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## चार मोटरसाइकिल सहित रेहटी पुलिस ने किया चोरी के आरोपी को गिरफ्तार



**रेहटी।** रेहटी थाना पुलिस ने शातिर मोटर साइकिल चोरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार मोटर साइकिलें भी जब्त की गई है।

बता दें क्षेत्र में बाईक चोरी की घटना सामने आ रही थी। घटनाओं को लेकर पुलिस ने गंभीरता से लिया और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में चोरी की घटनाओं की रोकथाम व त्वरित कार्रवाई के लिए दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा एक शातिर मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से कुल 04 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।13 सितंबर को फरियादी भंवर सिंह उइके निवासी वार्ड 8 चौपड़ा कॉलोनी रेहटी ने थाना रेहटी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी मोटरसाइकिल रात के समय घर के सामने से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट के आधार पर थाना रेहटी में अपराध दर्ज कर जांच में लिया था।

**भभड़ नदी के पास धराया चोर :** पुलिस जांच के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर भभड़ नदी के पास संदेहास्पद रूप से एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल के साथ रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम जितेंद्र कलमोदिया पिता रामगोपाल कलमोदिया निवासी वार्ड 9 मालवा कॉलोनी रेहटी बताया। उससे पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त मोटरसाइकिल सहित कुल 4 मोटरसाइकिलों की चोरी अलग अलग थाना क्षेत्रों से करना स्वीकार किया। इस बाईकों में डीलक्स चौपड़ा कॉलोनी रेहटी से, डीलक्स गुराड़ी घाट मिसरोद भोपाल से, डीलक्स सिवनी मालवा होशंगाबाद से और होंडा साइन चौरसाखेड़ी थाना गोपालपुर से चोरी करना बताया।

### सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी भावपूर्ण विदाई





**इछावर।** ब्रिजीशनगर संकुल केंद्र के स्कूलों से दो शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को मिडिल स्कूल बोरदीकलां परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त हुए पूर्व संकुल प्रभारी राजमल मीणा व अब्दुल हाई सर का शाल , श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके दीर्घायु एवं आगामी भविष्य के सुखमय होने की कामना करते भावपूर्ण विदाई दी। आयोजित कार्यक्रम में बीआरसी सुभाष चन्द्र दूबे ने कहा कि समाज शिक्षकों का हमेशा सम्मान करना है। क्यों कि शिक्षक ही ऐसा व्यक्ति होता है जो कि अपना संपूर्ण लोगों की भलाई के लिए समर्पित करता है। इस मौके पर उन्होंने दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों का सेवाकाल बेहतर बताते हुए अन्य शिक्षकों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। संकुल प्राचार्य बीएल मालवीय ने भी सेवा निवृत्त शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन चंदरसिंह ठाकुर ने किया। आभार पीएन राठौर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीएसी शैलेंद्र ठाकुर , मनोज राठौर, अनिल करमोदिया , घनश्याम वर्मा, चंदरसिंह ठाकुर, सीएसी महेश कुमार राठौर, धरमसिंह वर्मा, दशरथ सिंह उईके, अतुल सेन , कमलसिंह मालवीय, कल्याण सिंह ठाकुर, रामस्वरूप गोफनिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाए उपस्थित थे।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार आभियान का हुआ शुभारंभ




**बुधनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के पहले दिन स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ किया गया। सिविल अस्पताल में कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय,एसडीएम डीएस तोमर ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा 'स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार' मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ये शिविर अगले 15 दिनों तक चलेंगे। जिनमें विभिन्न प्रकार की जांचें कराने की सुविधा उपलब्ध रहेगी वहीं चिकित्सकिय परामर्श भी दिया जाएगा एवं ब्लॉक स्तर भी पर शिविर आयोजित किए जाएंगे महिलाएं या पुरुष निशुल्क कोई भी अपनी जांच करा सकते हैं इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डीएस तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि ओर गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम को एसडीएम डीएस तोमर,अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय एवं बीएमओ डॉ. डी. बडोदिया ने संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. गौरव वर्मा, डॉ. शैफाली नागर, डॉ. राजेश पाल चिकित्सा अधिकारी,दीपक मालवीय,प्रशांत सिंह, शुभांक शर्मा,रामकुमार सारवान विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक नम्रता कूडे आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों में भाजपा नेता राजेश पाल,मंडल अध्यक्ष संतोष गौर,नगर परिषद उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा,भाजपा नेत्री शिवानी यादव,पार्षद आरती किशन मालवीय,रजनी हरदयाल आजाद, विनोद शिवहरे, मांगीलाल यादव,राहुल रिथोरिया,श्रीकांत शर्मा,विशाल खत्री आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र तिवारी द्वारा किया गया।

### लाड़कुई मंडल सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया



**भैरुंदा।** लाड़कुई में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता सेवा पखवाड़ा मनाया गया। श्री रामजानकी मंदिर बड़ा बाजार परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर प्रांगण व आसपास की साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत का संदेश दिया। वहीं स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मीणा, श्याम सिंह ठाकुर, कैलाश माहेश्वरी, अमरसिंह मीणा, सुरेश माहेश्वरी, गोलू ठाकुर, स्वरूप बनवारी, रितेश ठाकुर, गोविन्द मीणा, नरेंद्र टांडी, हरिओम प्रजापति, सुरेश शर्मा, दीपक माहेश्वरी, राजेश भगवान, अंकित वर्मा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अभियान में सभी कार्यकर्ताओं ने शपथ ली और बताया कि प्रधानमंत्री की सेवा, समर्पण और स्वच्छता के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर युवा मोर्चा नगर मंडल ने किया रक्तदान



**सीहोर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन स्थानीय जिला चिकित्सालय सीहोर में आयोजित किया गया ।जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा एवं सीहोर के जागरूक नागरिकों द्वारा नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन के अवसर पर 75 यूनिट रक्तदान किया गया। इस आयोजित शिविर में सीहोर विधानसभा के विधायक सुदेश राय ,सीहोर भारतीय जनता पार्टी जिले के अध्यक्ष नरेश मेवाडा ,नगर पालिका सीहोर के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप सम्राट, युवा मोर्चा जिला सीहोर के अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार, सीहोर युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय, नगर महामंत्री समीर सेन, नगर प्रवक्ता विशाल पाटीदार, नगर मंत्री तुषार सोनी, सहित युवा मोर्चा से विजय यादव, लविश राजपूत, शुभम कुशवाहा, शुभम मांझी, ऋषभ नाथ, मनीष परमार, दीपेंद्र जायसवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बांटी मिठाई



**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल अरोरा के कार्यालय पर उनके जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर सभी कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और उनके यशस्वी जीवन की कामना की ईश्वर से प्रार्थना की स्वस्थ रहें और भारत का और विश्व का नेतृत्व करते रहें कल नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है इस अवसर पर भी वृक्षारोपण किया जाएगा और मरीजों को फल वितरण किया जाएगा।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का संगठन सृजन कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित

# कार्यकर्ता का समर्पण ही संगठन की असली ताकतः जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले की सीहोर विधानसभा के ब्लॉक अहमदपुर देवीपुरा का कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम चरनाल के विश्वकर्मा उद्यान में सम्पन्न हुआ क्या अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, सीहोर जिले के सहप्रभारी दिनेश मेघानी, मतदाता सुची कार्यक्रम के सीहोर विधानसभा के प्रभारी रघुवीर दागी शामिल हुए।ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह तवर ने जानकारी देते हुए बताया की कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और बूथ कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा की ये वर्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन निर्माण के लिए कार्य करने के लिए निश्चित किया है संगठन सृजन अभियान सीहोर जिले में भी कांग्रेस के जमिनी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में उच्च पदो पर मौका दिया जाएगा। अपने संबोधन में जिले के सहप्रभारी दिनेश मेघानी ने कांग्रेस संगठन के आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला। मतदाता सुची पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम के सीहोर विधानसभा प्रभारी रघुवीर दागी ने बूथ लेवल एजेंट को मतदाता सुची पर कार्य करने हेतु विस्तार से चर्चा की। क्या अवसर पर कई कार्यकर्ता गण मुझे कांग्रेस को मजबूर करने हेतु अपने विचार रखे। इस अवसर पर खुमान सिंह गुजर, ओंकार सिंह आछारोही, मांगीलाल पटेल, पवन गुजर,मनीष मेवाड़ा,रामस्वरूप मीणा, गुड्डु बना, जगपाल सिंह बब्लू बना, सोनू गुजर, लोकेश गौर, इंदर गुजर,रियास भाई, राहुल गौर, राकेश अहिरवार, विष्णु विश्वकर्मा, प्रकाश चन्द्र शर्मा, इदरीश चैनल, अफजल खान,अरुण मेवाड़ा, वीरसिंह डांगी, दिनेश गौर, रामबाबू गुजर, उधम सिंह, जुबेर अब्बासी, हेमंत गौर, शुभम गौड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थिती थे।

### शासकीय महाविद्यालय में मनाया हिन्दी पखवाड़ा



**भैरुंदा।** हिंदी पखवाड़ा मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा 25 - 26 के परिपालन में 14 सितंबर 2025 से 20 सितंबर 2025 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इसमें शासकीय महाविद्यालय नसरुल्लागंज में हिंदी पखवाड़े मे विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस राजभाषा हिंदी की दशा और दिशा पर व्याख्यान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाड़कुई के मधुकरराव माकोड़े मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन कर किया गया। ,उसके पश्चात अतिथियों का श्रीफल, साहित्य एवं पुष्पहार द्वारा स्वागत किया गया, मुख्य वक्ता श्री माकोड़े ने कहा कि हमें हिंदी को आत्मसात करने की आवश्यकता है। हिंदी हमारी संस्कृति और विरासत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस. एस.मीणा द्वारा की गई द्वारा की गई। उन्होंने कहा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए हमें और अधिक प्रयास करने होंगे,हिंदी हमारे भारतीय संस्कृति की संवाहक है। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन एवं हिंदी के महत्व पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता तथा हिंदी के प्रतिशत कवियों की रचनाओं पर केंद्रित काव्य पाठ स्वरचित काव्य पाठ का भी आवेदन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पलक यादव, द्वितीय महक यादव,तृतीय शिवम पाटिल एवं चेतना बारेला (संयुक्त रूप) से इसी प्रकार स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम कु.प्रीति कुशवाहा, द्वितीय जितेंद्र तोमर,तृतीय नंदिनी जायसवाल एंव रागिनी शर्मा (संयुक्त रूप ) से प्राप्त किया इसमें काफी संख्या में, छात्र-छात्राओं ने भाग लिया साथ ही हिंदी के महत्व पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया इसी क्रम में हिंदी कवियों की रचना काव्य पाठ स्वरचित का छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**आम सभा सूचना**

बहू. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था कन्नौद मिर्जी मू. खाचरोद, पगारिया हाट, संस्था सिद्दीकगंज, संस्था खामखेड़ा जत्रा मू. पिपलिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.09.2025 दोपहर 11 बजे संस्थाओं की आमसभा का आयोजन संस्था मुख्यालय पर किया जाना है। जिसमें संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों की उपस्थिति सादर आमंत्रित है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित कर उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात प्रारंभ होगी। जिसमें गण पूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक, बुह उद्देशीय प्राथ. कृषि सह. संस्था मर्यादित खामखेड़ा जत्रा | प्रबंधक, बुह उद्देशीय प्राथ. कृषि सह. संस्था मर्यादित सिद्दीकगंज | प्रबंधक, बुह उद्देशीय प्राथ. कृषि सह. संस्था मर्यादित कन्नौदमिर्जी | प्रबंधक, बुह उद्देशीय प्राथ. कृषि सह. संस्था मर्यादित पगारियाहाट |

अधिकारियों की अनदेखी से सुठालिया सिंचाई परियोजना में अनियमितताओं का है बोल-बाला

# पुर्नवास कॉलोनी घटिया निर्माण का मामला हवा में छत, निकल रहे कई पिलरों के सरिए

*तीन सालों में नहीं की गई पुर्नवासन एवं पुनव्यवस्थापन समिति की बैठक,सिर्फ फार्मलिटी बनकर रह गया एनजीओ*



बड़ा बडला में पिलर के सरियों पर छत।



दूसरे पिलर और छत में भी एक फिट से ज्यादा का है गेप।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

तमाम तरह के प्रयासों के बाद भी प्रदेश सरकार की मंशा पर चूना लगाते नजर आ रहे हैं सुठालिया सिंचाई परियोजना के संबंधित अधिकारी। सरकार के लाख प्रयास के बाद भी अनयिमितता और लापरवाही आए दिन सामने आ ही जाती है। सिंचाई परियोजना में विस्थापितों के लिए बनाई जा रही पुर्नवास कॉलोनी में घटिया निर्माण को लेकर पहले भी समाचार प्रकाशित किए गए थे जब कहीं जाकर सुधार हुआ। अभी फिर मंगलवार को जब हरिभूमि टीम पहुंची तो फिर घटिया निर्माण की तस्वीर सामने आईं। जिसको कोई अधिकारी देखने वाला भी नहीं है। हैरत तो इस बात की है कि सुठालिया सिंचाई परियोजना में पुर्नवास एवं पुर्नरविस्थालन को लेकर मालवा विकास मंडल एनजीओ के उमाशंकर सक्सेना को तीन साल पहले सिर्फ एक बार बैठक मुं बुलाया गया इसके बाद आज तक कोई भी बैठक में एनजीओ को न बुलाकर परियोजना ने आम लोगों के पक्ष की अनदेखी की है।

बात दें कि सुठालिया के ग्राम नालाझिरी के पास बड़ा बड़ला पर सुठालिया सिंचाई परियोजना में विस्थापितों के लिए बनाई जा रही आवासीय कॉलोनी घटिया निर्माण के कारण चर्चा का विषय बनी हुई है। हालात यह है कि लगभग 800 विस्थापित परिवारों के लिए तैयार की जा रही। ऐसे में निर्माण एजेंसी और परियोजनों के जिम्मेदार की कार्यशैली पर प्रश्न चिंह लगना तय है। घटिया निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच के लिए एनजीओ के उमाशंकर ने मांग की है।

## एनजीओ ने कहा करेंगे मुख्यमंत्री से शिकायत

सुठालिया सिंचाई परियोजना के अधिकृत एनजीओ मालवा विकास मंडल ने परियोजना के अधिकारियों द्वारा तीन सालों में कोई भी बैठक में एनजीओं को न बुलाकर यह सिद्ध कर दिया है कि अधिकारी अपने मन का काम करना चाहते हैं वह किसी और के पक्ष की बात सुनना भी पसंद नही करते। इस बारे में वह सीघ्र कलेक्टर को अवगत कराएंगे।




पूर्व में भी घटिया निर्माण पर प्रकाशित हुई थी खबर

### खराब निर्माण का प्रतीक बनी लटकती छत

करोड़ों की सिंचाई परियोजना को पुर्नवास आवास के नाम पर चूना लगाने वाली निर्माण एजेंसी और उनका भौतिक सत्यापन करने वाले अधिकारी भी घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार माना जाना चाहिए। अभी तो आवास निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ है तभी घटिया निर्माण के कई सबूत मिलना शुरू हो गए है। हालात यह है कि पिलर से कई सेंटीमीटर या फिट के गेप पर छत डाल दी गई है और ऐसा कोई एक जगह नहीं कई पिलर में देखने मिल जाएगा। इस तरह के अमानक पुर्नवास आवासों में किसानों का पुर्नवास किया जाना उचित है यह निर्णय तो जिम्मेदारों को लेना है।

**इनका कहना है...**

हम समय समय पर जाकर हो रहे निर्माण की जांच करते हैं। और यदि कहीं कोई कमी रहती है तो उसे सुधारा जाता है। इस मामले को भी दिखवा लेता हूं।

कुशाग्र शिवहरे, एसडीओ
सुठालिया सिंचाई परियोजना

### जनप्रतिनिधियों की सक्रियता के बाद भी घटिया निर्माण

सुठालिया सिंचाई परियोजना पर जहां राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार का विशेष ध्यान है और इसके लिए कई बार वह उसका निरीक्षण भी कर आए हैं। इसके बाद भी यदि घटिया निर्माण किया जा रहा है तो फिर अधिकारियों की मानसिक स्थिती को समझा जा सकता है।

नगर में शोक की लहर दौड़ी

# महाराष्ट्र में हुए हादसे में राजगढ़ के 1 युवक की मौत, एक गंभीर

**बकरे-बकरियों से भरे वाहन में ट्राले ने मारी थी टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़



महाराष्ट्र के पलासनेर के समीप सोमवार रात्रि हुए सड़क हादसे में राजगढ़ के एक युवक की मृत्यु हो गई वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। युवक की मृत्यु की सूचना राजगढ़ पहुंचने पर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार बकरे-बकरियों से भरा भारत बेंज वाहन सोमवार शाम राजगढ़ से महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ था। रात्रि करीब 2 बजे महाराष्ट्र के पलासनेर के समीप इस वाहन में पीछे से आ रहे मक्का से भरे ट्राले ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भारत बेंज वाहन दो-तीन पलटियां मारते हुए खाई में जा गिरा। दुर्घटना में अफजल मीर उर्फ राजू पिता सलीम उम्र करीब 30 वर्ष निवासी पुरा, राजगढ़ की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में एक अन्य जाहिद पिता वहीद खान निवासी पुरा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### बकरे-बकरियों सहित मक्का भी लूटी

रात्रि के समय हुए इस हादसे के बाद मौके पर फायदा उठाते हुए अज्ञात लोगों ने बकरे-बकरियों को भी चुरा लिया। इसके साथ ही ट्राले में भरी मक्का को भी असामाजिक तत्वों द्वारा लूटे जाने का समाचार है। घटना के बाद पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करवाई। घटना की जानकारी लगने पर मृतक एवं घायलों के परिजन मौके के लिए रवाना हो गए।

### शातिर बाइक चोर गिरफ्तार कर चोरी की 3 मोटर साइकिलें बरामद की

गुना। गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों में तत्परता से कार्यवाहियां कर इन अपराधों के आये दिन खुलाशे किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान और उनकी टीम द्वारा शहर से बाईक चोरी के एक प्रकरण में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए प्रकरण में चोरी हुई बाईक के साथ शातिर बाईक चोर गिरफ्तार किया, साथ ही आरोपी से चोरी की दो और मोटर सायकिलें भी बरामद किये जाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है।

# सुरेश नागर बने मिस्टर मध्यप्रदेश 2025 और मिस्टर इंदौर 2025

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खुजनेर



हाल ही में मांडव के जेएमडी रिसॉर्ट में आयोजित मॉडलिंग आइकॉन स्टार फेस ऑफ इंडिया के ग्रैंड फिनाले में मध्यप्रदेश के सुरेश नागर ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

इस शो का आयोजन प्रसिद्ध शो डायरेक्टर प्रखर शर्मा द्वारा किया गया था, जिसमें पूरे भारत के विभिन्न राज्यों से चुनिंदा मॉडल्स ने शिरकत की राजगढ़ जिले के खिलचीपुर तहसील के छोटे से गांव खजुरी गोकुल निवासी सुरेश नागर पिता पप्पूलाल नागर ने इंदौर ऑनलाइन ऑडिशन दिया था। इसके बाद वे सेमीफाइनल तक पहुँचे और शानदार प्रदर्शन कर ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित हुए। निर्णायकों ने उनके व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और मंच पर उनकी दमदार प्रेजेन्स को देखते हुए सुरेश को मिस्टर मध्यप्रदेश 2025 और मिस्टर इंदौर स्टार फेस 2025 के खिताब से सम्मानित किया। इस उपलब्धि से सुरेश नागर ने न सिर्फ अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है, बल्कि मध्यप्रदेश के मॉडलिंग जगत में भी नई पहचान बनाई है। सुरेश का कहना है कि यह तो बस शुरुआत है, आने वाले समय में वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने राज्य और देश का नाम ऊँचा करना चाहते हैं।

## बढ़ाई गई आवेदन पत्र भरने की तिथी

**ब्यावरा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 2025-26 में आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं के आवेदन -पत्र भरने एवं प्रवेश हेतु परीक्षा संबंधी मार्ग दर्शिका पुस्तिका आदेश 11 जून के अनुसार आवेदन पत्र सामान्य शुल्क के साथ भरने की अंतिम तिथी 15 सितंबर निर्धारित थी जिसे बढाकार 21 सितंबर तक कर दिया गया है।

## 1 महीने से नहीं मिला मेगा मार्ट कर्मचारी

**विदिशा।** एक युवक के एक महीने से लापता होने का मामला सामने आया है। रायसेन जिले के बैजाखेड़ी निवासी सुमित मीणा (22) विदिशा के विशाल मेगा मार्ट में काम करता था।

## कालापीपल की नौ बहनों ने मालवा प्रांत का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कालापीपल

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर कालापीपल की नौ बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मालवा प्रांत का प्रतिनिधित्व किया। यह प्रतियोगिता 12 से 16 सितंबर तक छत्तीसगढ़ के चाँपा में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में तीन वर्गों में भाग लिया गया झ्र तरुण वर्ग, किशोर वर्ग और बाल वर्ग। प्रतियोगिता में शामिल बहनों की सूची इस प्रकार रही। तरुण वर्गः 1. शिवानी मेवाड़ा, किशोर वर्गः निशा मीना, सुरुचि मेवाड़ा, योगेश्वरी चंदेल, चेताली शर्मा, बाल वर्गः दीक्षा मेवाड़ा, रिया मेवाड़ा, जीविका गेहलोत, आरती नायक रहे।

# छत्तीसगढ़ में क्षेत्र स्तरीय खो-खो स्पर्धा में किया शानदार प्रदर्शन



प्रतियोगिता में किशोर और तरुण वर्ग की बहनों ने अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विजेता बनकर मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया। विशेष रूप से किशोर वर्ग की चार बहनों झ्र निशा मीना, सुरुचि मेवाड़ा, योगेश्वरी चंदेल व चेताली शर्मा तथा तरुण वर्ग की शिवानी मेवाड़ा का चयन अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु हुआ। यह प्रतियोगिता आगामी 8 से 11 नवम्बर तक उत्तर प्रदेश के हापुड़ में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में मध्य भारत प्रांत, महाकौशल प्रांत व छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रतिनिधियों से मुकाबला करते हुए तीनों मैच जीतकर सरस्वती विद्या मंदिर कालापीपल की बहनों ने विजेता का परचम लहराया। बुधवार को नगर आगमन पर विद्यालय में खिलाड़ियों और खेल शिक्षक विक्रांत शिंदे का पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

## जिले में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदाताओं ने किया रक्तदान




**जीरापुर।** सपने कभी सोने नही देते कुंडलिया पेयजल परियोजना एलएनटी कंपनी द्वारा आठवां मिल जेतपुरा में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। इस समय राजगढ़ बल्ड बैंक में खुन नही है जेसे ही पता लगा तुरन्त राजगढ़ ब्लड बैंक अधिकारी से निवेदन किया एवं 15 तारीख को कैंप आयोजित किया गया जिसमें रक्तदाताओं ने राजगढ़ ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए राजगढ़ की टीम निवेदन पर पहुंची जहां पर एलएनटी कंपनी के स्टाफ एवं रक्तदाताओं 51 युनिट का बढ़ चढ़कर रक्तदान किया ब्लड डोनेट का शुभारंभ किया प्रोजेक्ट के प्लानिंग मेनेजर ने रक्त दाताओ का उत्साहवर्धन किया। इस मौकेपर सहित एल एन टी स्टाफ एवं रक्तदाता उपस्थित रहे।

## भैंस के हमले में गंभीर घायल हुई महिला, जटिल सर्जरी से बची जान

**राजगढ़।** ग्राम भवानीपुरा निवासी 55 वर्षीय काशीबाई पर भैंस ने सीगों से हमला कर दिया। घटना के बाद महिला को जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की जटिल सर्जरी कर उनकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब काशीबाई अपनी भैंस को बाहर लेकर जा रही थीं और तभी दूसरी भैंस ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उनके दाहिने पैर की जांध का पूरा मांस फटकर अलग हो गया, जिससे उनकी हालत बहुत गंभीर हो गई थी। अस्पताल पहुंचते ही काशीबाई को तुरंत भर्ती किया गया एवं सर्जरी स्पेशलिस्ट डॉ. आर.के. कठेरिया एवं टीम ने सर्जरी शुरू की।

## शासकीय हाईस्कूल बावड़ीखेड़ा की शिक्षिका ने दिए प्रिंटर हेतु 15 हजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तलेन



सोमवार को शासकीय हाईस्कूल बावड़ीखेड़ा में उजमा सुल्ताना पूर्व प्राचार्य एवं किरण साहू की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एईओ केंद्र प्रभारी प्राचार्य शा उमावि तलेन से अशोक पाटीदार एवं संकुल केंद्र प्रभारी प्राचार्य शा उमावि अमलार से शत्रुंजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विदाई कार्यक्रम में किरण साहू मैडम द्वारा विद्यालय को प्रिंटर मशीन के सहयोग हेतु 15 हजार रुपये का फण्ड स्कूल के शाला विकास अकॉउंट में ट्रांसफर किया गया। दोनों शिक्षिकाओं के सहयोग एवं अच्छे कार्यकाल की सराहना विद्यालय परिवार द्वारा की गई।

अनुचित तरीके से ली गई सुविधा पर होगी कार्रवाई

# बीपीएल कार्ड धारकों को नोटिस

**नरसिंहगढ़।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत बीपीएल कार्ड धारक पात्रता पर्ची से निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने वाले 419 लाभार्थियों को प्रशासन ने नोटिस जारी किए हैं। इस संबंध में सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अस्मिता गुप्ता ने बताया कि विभागीय जांच के दौरान कुछ कार्डधारकों की वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक होना पाई गई है। साथ ही जांच में कई लोग तो 25 लाख रुपये से अधिक का टर्नओवर रखते हैं या जीएसटी जमा करते हैं।


इसके बावजूद वे बीपीएल कार्ड से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठा रहे थे। इसी के चलते ऐसे 419 कार्डधारकों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है। यदि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलता है तो उनके नाम



पात्रता पर्ची से हटाए जाएंगे। साथ ही जिनकी राशन पर्ची निरस्त होगी, उनसे साल 2019 से 2024 तक मिले पीएमजीकेवाय राशन की वसूली भी की जाएगी।

सारंगपुर के ग्रामों में होगा आयोजन

## दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान'



**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'दुग्ध समृद्धि योजना' अंतर्गत 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया जाएगा। जिसकी जानकारी पशु चिकित्सक डॉ अमित शाक्य ने देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सारंगपुर विकासखंड के सभी ग्रामों में घर-घर पहुंचकर उन्नत नस्ल के पशुओं एवं उन्नतशील पशुपालकों से संवाद करेंगे। अभियान के दौरान पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान एवं नवीन तकनीकों की जानकारी दी जाएगी, जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सके।

कीचड़ से सनी सड़क से गुजरने को मजबूर हैं ग्रामीण

# रूपाहेड़ा में सड़क निर्माण की मांग, कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़



जिले की जीरापुर जनपद पंचायत के तहत आ रहे रूपाहेड़ा गांव में आवाजाही वाली सड़क की बदहाल हालत के चलते ग्रामीणजन सहित स्कूली बच्चे खासे परेशान हैं। ग्रामीणों सहित बच्चों को मजबूरन कीचड़ भरी राह से गुजरना पड़ता है।

ऐसे में नवीन सड़क निर्माण की मांग लेकर रूपाहेड़ा के अनेकों ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टेट पहुंचे। यहां उन्होंने जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपर कलेक्टर को गांव में सीसी सड़क निर्माण करवाने के संबंध में एक मांगपत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि कृपाल सिंह की दुकान से फूलसिंह दांगी के घर तक की सड़क पूरी तरह कीचड़, मिट्टी से सनी हुई है। उक्त समस्या को लेकर पंचायत के सरपंच एवं सचिव को भी अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों रामबाबू दांगी, देवराज दांगी, राजेश दांगी, भंवरलाल दांगी, दिलीप दांगी, दरियाव सिंह, गिर्राज दांगी, शिवसिंह दांगी, बद्रीलाल दांगी, राहुल दांगी, रामप्रसाद दांगी, राधेश्याम दांगी, विष्णु प्रसाद सहित अन्य ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उक्त सड़क का निर्माण करवाया जाए।



## धर्म की रक्षा करो और धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा

**खुजनेर।** गांव में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक हेमंत बैरागी ने कहा कि चारों धाम करने की आवश्यकता नहीं है अगर आपको चारों धाम का फल चाहिए तो अपने माता-पिता के ही चरणों में अपने माता-पिता की सेवा में ही अपना जीवन गुजार दो आपको चारों धाम का पुण्य मिल जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा के वाचन और श्रवण से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। संसार दुखों का सागर है। हर प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी और परेशान है। कोई स्वास्थ्य को लेकर दुखी है, कोई परिवार, कोई धन तो कोई संतान को लेकर परेशान है। धर्म रक्षति रक्षा तुम धर्म की रक्षा करो और धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा जीवन में मैं कुछ करने की जरूरत नहीं है बस आपके धर्म की रक्षा करते रहो उन्होंने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग सब कुछ खुद ही नष्ट हो जाता है।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभागीय बैठक आयोजित


**सारंगपुर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमेंद्र गोविल के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान सेवा पखवाड़ा के तहत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समीक्षा के निर्देश दिए कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समय पर कार्य पूर्ण करें तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच शिविर, जनजागरूकता अभियान, जल संरक्षण, वृक्षारोपण सहित अन्य गतिविधियों पर विशेष चर्चा हुई। सेवा पखवाड़ा जनता तक वास्तविक लाभ पहुंचाने का अवसर है। बैठक में नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे,ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ मनीष चैहान,बीईओ सुरेश वीरमाल, महिलाबाल विकास अधिकारी केदार शर्मा, बीआरसी बीएल वर्मा सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### मोबाइल कोर्ट से दिलाया भूमि पर कब्जा

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा प्रारंभ किए गए मोबाइल कोर्ट नवाचार के माध्यम से राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित एवं आपसी समन्वय से निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को तहसील राघौगढ़ में एक भूमि विवाद का समाधान किया गया। भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 250 के अंतर्गत प्रकरण क्रमांक 0006/अ-70/2025-26 में न्यायालय तहसीलदार राघोगढ़ द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही आयोजित की गई। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार अमित सोनी की उपस्थिति में ग्राम बहादुरगढ़ निवासी आवेदक इमरतलाल पुत्र कालूराम को उसकी कृषि भूमि खसरा नं. 39/1/1/1 और 39/1/3/1 के कुल कब्जा रखवा 0.199 हेक्टेयर भूमि पर विधिवत कब्जा दिलाया गया। पूर्व में राजस्व विभाग की सीमांकन एवं जांच रिपोर्ट में यह पाया गया था कि उक्त भूमि पर अनावेदक भारतसिंह पुत्र कालूराम द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। न्यायालयीन आदेश के परिपालन में आज मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही के दौरान अवैध कब्जा हटवाकर भूमि का वास्तविक कब्जा आवेदक को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर पटवारी यशवर्धन सिंह, लक्ष्मण भील एवं सतीश बुनकर द्वारा मौके पर कार्यवाही संपादित की गई।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर की बैठक संपन्न



**जावर।** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर टिगरिया,कजलास संकुल के प्राचार्य ने अगस्त माह की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल प्रमुख विजेंद्र सिंह सैन्धव, उदय सिंह ठाकुर के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात संकुल प्रमुख के द्वारा पिछले माह के विश्व की समीक्षा की गई आगामी विषय के बारे में बताया गया। संकुल केंद्र के प्राचार्य विजेंद्र सिंह सैन्धव द्वारा सभी प्रधानाचार्य को उपहार भेंट किया गया बैठक में उपस्थित प्रधानाचार्य गुलाब सिंह ठाकुर, बलवान सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह ठाकुर , इंदर सिंह पाटीदार, लखन सिंह ठाकुर, राजकुमार ठाकुर आदि उपस्थित रहे तत्पश्चात शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी धीरज सिंह ठाकुर ने दी।

### जावर में आज लगेगा रक्तदान शिविर

**जावर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा मंडल जावर द्वारा विशाल रक्तदान शिविर एवं कार्यकर्ता संवाद का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल की गरिमामय उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में गुरूवार को सम्पन्न होगा। जिसमें अनेक रक्तदाता बढ़ चढ़ कर उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। जिस हेतु मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी को अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्कूल में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

# पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की भावना हम सब में हो विकसीत: गोपाल इंजीनियर

विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के तीन सौ से अधिक पौधे लगाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मेगा पौधरोपण का आयोजन कर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के तीन सौ से अधिक पौधे लगाए गए। सीएम राइज़ विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम 2.0 पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए पुरे देश में 5 जून से 2 अक्टूबर के मध्य विद्यालयों में ईको क्लब के माध्यम से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। शीघ्र ही विद्यालय में बॉटनीकल गार्डन और माँ की बगिया भी विकसित की जाएंगी। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जनपद उपाध्यक्ष गजराज सिंह पटेल, पार्षद डॉ. सलीम, रोगी कल्याण समिति सदस्य राजकुमार साहू, सुरेश जैन, उत्थान धारवां, रूपेश राठौर, प्रघुम्न मंडलोई विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह, प्राचार्य सितवत खान, अंत्येश धारवां, असमा खानम, जितेन्द्र मेवाड़े, पदमा परमार, सतीश वर्मा, भूपेन्द्र सिंह एवं विद्यालय के अन्य शिक्षकों और कर्मचारियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की भावना विकसित करना हमारा दायित्व है। प्रदूषण के कारण जीवन कठिन होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। हम पौधरोपण कर एवं पौधो का संरक्षण करके ही पर्यावरण को बचा सकते है। हमें पर्यावरण अनुकुल आदतें विकसित करनी चाहिए। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक सम्राट ढोके, मनोज कुमार बड़ोदिया, नीता जैन, स्वेता पाण्डे, किश्वर जहॉ, जितेन्द्र कुमार वर्मा, राजीव सारसिया, रफत जहॉ, के.के. वर्मा, निर्मलदास बैरागी, रामेश्वर दामड़िया, विजय हाटेकर, विजय अडगले, मुकुन्द सिंह बरोड़िया, नीतु चौरसिया, हेमंत कुमार मेवाड़ा, कुमेरसिंह ठाकुर, दिनेश कुमार गहरवाल, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, रघुवीर सिंह, राखी पोहाने, गौतम चौरसिया, जितेन्द्र धनवाल, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, पवन कुमार राया, निहायत मंसूरी, संतोष कुमार, गोरीशंकर मालवीय, कासिम खान, वंदना सोलंकी, संघमित्रा धांसू, नवीन मौर्य, मोनिका जैन, नेहा अंसारी, मनोज कुमार कलमोदिया, मुहम्मद इमरान, दीक्षा खंडेलवाल, रवि प्रकाश मालवीय, राम सिंह , तेजपाल सिंह , अभिलाषा श्रीवादी, वीरेन्द्र सिंह , सुनील कुमार देलमिया, नीरज सिंह ठाकुर, प्रेम सिंह, विजय मंगल बगाना, निकिता शर्मा, संध्या पटेल, दिप्ति तोमर, स्मिता नायर, हरिनारायण सिंह, संदीप जायसवाल, पवित्रा कुराड़िया, आराधना चन्द्रवंशी, महेश नरगावा, प्रकाश यादव, रवि कुमार सोलंकी, शैलेन्द्र कुमार मालवीय, सीमा बघेल, अंतिमबाला हटिला, दीपक डावर, लक्ष्मी परमार, आशा रावत, जसपाल सिंह, राजेन्द्र मौर्य, पल्लवी वर्मा, पूजा असाडे, कृतिका वर्मा, एस. के. सिंगारिया, डी.एस. माण्डवा, ज्ञानसिंह मेवाड़ा, राजेश राठौर आदि शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# उत्साह के साथ मनाया विश्वकर्मा पूजन महोत्सव

आष्टा से निकली वाहन रैली, जावर में समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सृष्टि के रचयिता, देव शिल्पी, भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पूजन महोत्सव मनाया गया। श्री विश्वकर्मा राधा कृष्ण मंदिर आष्टा में भक्तों की भीड़ लगी रही। सर्वप्रथम मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा जी का हवन के साथ पूजन किया। विभिन्न मार्गो पर डीजे एवं भगवान के रथ के साथ विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने विशेषतः युवा संगठन व युवा वाहिनी कि सभी बालिकाओ का योगदान रहा वाहन रैली बुधवारा मंदिर से नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई जावर पहुंची।

जावर में भी वाहन रैली निकाली गई। जिसका, एकांतेश्वर महादेव मंदिर, बादा गुराडिया जोड़, विश्वकर्मा धर्मशाला जावर पर समापन हुआ। वाहन रैली का हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट, विजेंद्र सिंह ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष जावर सहित कई लोगों ने स्वागत किया। धर्मशाला स्थल जावर जोड़ पर स्वागत समारोह व भंडारे के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

महोत्सव में समाज के अनेक वरिष्ठ लोग उपस्थिति रहे। इनमें समाज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, पूर्व समाज अध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग महापंचायत के प्रदेश मंत्री मदनलाल विश्वकर्मा जावर, उपाध्यक्ष संजय मालवीया, पूर्व उपाध्यक्ष रमेश कारपेंटर, समिति अध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा, धर्मशाला अध्यक्ष कृष्णपाल विश्वकर्मा, उत्सव समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश विश्वकर्मा, युवा संगठन अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, हरिओम विश्वकर्मा, महासचिव वेद प्रकाश पिपलोदिया, कोषाध्यक्ष मांगीलाल मंडोरिया, बिजेंद्र विश्वकर्मा, राधेश्याम, रेवाराम विश्वकर्मा, विश्वकर्मा श्याम सिलोदिया, शिव श्रीवादी, मिडिया प्रभारी रवि विश्वकर्मा आदि अनेक जन उपस्थिति रहे।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नवरात्रि आने वाला हैं और इस पर्व को हम बड़े ही भाव एवं पवित्रता के साथ मनाते हैं। पर्व में पूर्णता पवित्रता व श्रद्धा वातावरण शुद्ध बना रहे। हमारे क्षेत्र में जहां कहीं भी मांस व मदिरा की दुकान मंदिरों के आसपास व बीच नगर में या गांव में हो उन्हें अमावस्या से लेकर दशहरे तक पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। साथ ही नगर में गौ माता की चार भूमि है। जिस पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण किया है प्ररखंड अध्यक्ष लखन सिंह, समाजसेवि खुमान सिंह ठाकुर ने तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा को ज्ञापन से ज्ञात करवाया। ज्ञापन देने में विश्व हिंदू परिषद जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष बलवान सिंह ठाकुर, प्रखंड मंत्री यशवंत ठाकुर, मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, सत्संग प्रमुख फतेह सिंह ठाकुर, सहसंयोजक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, खजुरिया खंड संयोजक महेंद्र सिंह, जावर नगर मंत्री राकेश धांधल, हिंदू राष्ट्रीय परिषद जिला अध्यक्ष दीपेंद्र बागवान, सुनील सेन ,समाजसेवी राजपाल, सुरेंद्र सिंह भाटी, राजेंद्र सिंह जावर प्रखंड मैं आने वाले खंड एवं ग्राम इकाई मैहतवाड़ा, गुराडिया वर्मा, कजलास, ग्वाला, खजुरिया, आरोलिया, गाजी अरनिया, बरछापुरा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विजय दशमी उत्सव समिति अध्यक्ष पद पर हुआ निर्णय, समाज के हर वर्ग से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में इस वर्ष विजय दशमी उत्सव समिति की कार्यप्रणाली में नया अध्याय जुड़ा है। प्रथम बार अध्यक्ष चुने जाने के बाद समिति द्वारा नगर के सभी समाज वर्गों, संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित कर यह चर्चा की गई कि आगामी पर्व को किस प्रकार और अधिक भव्य, अनुशासित एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया जाए। विगत दिनों सकल हिंदू समाज के आह्वान पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर एवं पूर्व उत्सव समिति अध्यक्षगणों की उपस्थिति में राहुल बाल्मीकि को सर्वसम्मति से विजय दशमी उत्सव समिति का अध्यक्ष चुना गया था। इस निर्णय को नगर के विभिन्न वर्गों ने प्रचंड बहुमत और पूर्ण समर्थन प्रदान किया। बैठक में तय किया गया कि विजय दशमी पर्व पर ऐतिहासिक परंपरा और धार्मिक आस्था का विशेष ध्यान रखते हुए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम को अनुशासन, मर्यादा एवं भव्यता के साथ आयोजित करने हेतु सभी ने अपने-अपने सुझाव भी रखे।

# सेवा पखवाड़े के तहत स्कूल में हुए आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

पीएम श्री शासकीय विद्यालय खामखेड़ा यात्रा में सेवा पखवाड़े के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस दौरानभाजपा मंडल प्रभारी प्रताप जाट, संयोजक मांगीलाल पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष लाखन सिंह ठाकुर, पीएम श्री विद्यालय प्रभारी कल्याण सिंह ठाकुर, वीरेंद्र जैन, पूर्व सरपंच रोलागाव अके सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच भील खेड़ी धर्मेंद्र धनगर, सरपंच रोला गांव अके सिंह ठाकुर, सरपंच बड़घाटी रमेश देवड़ा, सरपंच बड़कोला जितेंद्र कौशल, प्रेम नारायण वर्मा, सरपंच खामखेड़ा जात्रा महेंद्र सिंह ठाकुर, राजू जायसवाल और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की इंटर हाउस मैथ टेबल प्रतियोगिता आयोजित हुई। कक्षा 9 वीं से 12वीं विजय ब्लू हाउस प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा 9 वीं के अदिति परमार, शौर्य देव, यश चोपड़ा, कक्षा 10वी के आरुषि परमार, अंशुमन पटेल, मानव वर्मा, नैतिक मालोटिया, अंश कुशवाहा, कक्षा 11वी के हर्ष कुशवाहा, अन्विता वर्मा, वृंदा साहू, रिया परमार। ब्लॉगिंग इज रॉकिंग प्रतियोगिता सेकंडरी विंग कक्षा 6वी से 8वीं में आने वाले छात्र-छात्राओं में मानसी परमार कक्षा 7वीं प्रथम स्थान, अनुषा मालवी कक्षा 8वीं द्वितीय स्थान, माही कुशवाह कक्षा 6वीं तृतीय स्थान, महिमा परमार कक्षा 7वीं चतुर्थ स्थान, अदनान खान कक्षा 7वीं पांचवा स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 9वी से 12वीं के छात्र-छात्राओं में सृष्टि परमार कक्षा 11वीं प्रथम स्थान, रौनक मेवाड़ा कक्षा 11वीं द्वितीय स्थान, यजत चोपड़ा कक्षा 9वी तृतीय स्थान, हर्षित मितवाल कक्षा 11वीं चतुर्थ स्थान, कुमकुम जाट कक्षा 9वी पांचवा स्थान, प्राप्त किया सभी विजय छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवां, संदीप ठाकुर, अनीता परमार, निमर्ला सारसिया, करिश्मा चौपड़े, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, इशा जैन, पायल ठाकुर, अवनि जैन, पूजा ठाकुर, सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि ने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना।

# स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण सुना गया। महिलाओं के स्वास्थ्य व सशक्तिकरण पर प्रधानमंत्री के विचार हम सभी के लिए प्रेरणादायक रहे।

इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के प्रभारी डॉक्टर दीपराज बागरी की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें जावर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य,दयाराम परिहार,राजा ठाकुर महामंत्री, वीरेंद्र ठाकुर, हेमंत गोयल, कृष्ण पाल ठाकुर, शुभम ठाकुर, दिगपाल ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर एवं कार्यकर्ता एवं सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं गण मान्य नागरिकों की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार प्रकट किया एवं नारी सशक्तिकरण और उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हनुमान चालीसा का किया पाठ

# माता मंदिर परिसर में सफाई कर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

प्रधानमंत्री का जन्म दिवस अहमदपुर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जनपद उपाध्यक्ष लालता प्रसाद दांगी के नेतृत्व में क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर बनखेडा स्थित मां विंध्यवासिनी टेकरी वाली माता के दरबार में हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रधानमंत्री लंबी उम्र की कामना की गई। हवन पूजन कर प्रसादी का वितरण भी किया गया जनपद उपाध्यक्ष लालता प्रसाद दांगी ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत क्षेत्र में कई आयोजन किया जा रहे हैं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में उनकी उम्र के लिए लंबी कामना की गई पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया गया आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में अपनी नई पहचान बनाई है। वे प्रधानमंत्री से ज्यादा राष्ट्र सेवक है। प्रधानमंत्री मोदी के जन्म के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जन्मदिवस सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पीएम मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कई आयोजन किए अहमदपुर मंडल के भाजपा के हर बूथ और मंडल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बनखेड़ा माता मंदिर पहुंचकर परिसर व मंदिर की साफ सफाई की गई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में माता जी के मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया हवन पूजन कर प्रधानमंत्री की लंबी उम्र की कामना की। हवन पूजन के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।



### मंदिर की साफ सफाई कर लगाए पौधे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष लालता प्रसाद दांगी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया मंदिर परिसर की साफ सफाई की गई मंदिर परिसर में पौधरोपण किया पौधरोपण करने के बाद करने के बाद सभी लोगों ने वृक्षों को जीवित रखने का संकल्प भी लिया।

### कार्यकम में यह रहे मौजूद

जनपद उपाध्यक्ष लालता प्रसाद दांगी, मंडल अध्यक्ष प्रीतम गौर, मैं मायाराम गौर भाजपा नेता गिरीश कुमार सोलंकी लालू बना पूर्व मंडल अध्यक्ष भीम सिंह गुर्जर सरपंच जगदीश गुर्जर नाईंहेडी, ज्ञान सिंह गुर्जर पथरिया बलवीर सिंह दांगी आजाद गुर्जर भवानी मेबाड़ा, सभी मंडल के सरपंच एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता का समर्पण ही संगठन की असली ताकत है: राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर



जिले की सीहोर विधानसभा के ब्लॉक अहमदपुर देवीपुरा का कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम चरनाल के विश्वकर्मा उद्यान में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, सीहोर जिले के सहप्रभारी दिनेश मेघानी, मतदाता सुची कार्यक्रम के सीहोर विधानसभा के प्रभारी रघुवीर दांगी शामिल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।ब ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह तवर ने जानकारी देते हुए बताया की कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और बूथ कार्यकर्ता शमिल हुए।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा की यह वर्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन निर्माण के लिए कार्य करने के लिए निश्चित किया है। संगठन सृजन अभियान सीहोर जिले में भी कांग्रेस के जमिनी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में उच्च पदो पर मौका दिया जाएगा। अपने संबोधन में जिले के सहप्रभारी दिनेश मेघानी ने कांग्रेस संगठन के आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला। मतदाता सुची पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम के सीहोर विधानसभा प्रभारी रघुवीर दांगी ने बूथ लेवल एजेंट को मतदाता सुची पर कार्य करने हेतु विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को मजबूत करने अपने विचार रखे। इस अवसर पर खुमान सिंह गुजर, ओंकार सिंह आछारोही, मांगीलाल पटेल, पवन गुजर,मनीष मेवाड़ा, रामस्वरूप मीणा, गुड्डु बना, जगपाल सिंह बब्लू बना, सोनू गुजर, लोकेश गौर, इंदर गुजर, रियास भाई, राहुल गौर, राकेश अहिरवार, विष्णु विश्वकर्मा, प्रकाश चन्द्र शर्मा, इदरीश चैनल, अफजल खान,अरुण मेवाड़ा, वीरसिंह डांगी, दिनेश गौर, रामबाबू गुजर, उधम सिंह, जुबेर अब्बासी, हेमंत गौर, शुभम गौड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थिति थे।